**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–07.07.2024 (संध्या 1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **विधानसभा का कल एकदिवसीय विशेष सत्र, हेमंत सोरेन सरकार का होगा शक्ति परीक्षण, कल ही हो सकता है मंत्रिमंडल का विस्तार।**
2. **विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज, 11 जुलाई को भारत निर्वाचन आयोग की टीम का झारखंड दौरा, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों का लेगी जायजा।**
3. **देवघर में पुराने मकान के गिरने से तीन लोगों की मौत, नौ लोग सकुशल निकाले गये, मकान मालिक पर होगी कार्रवाई।**
4. **झारखंड समेत देशभर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में खास और आम हुए शामिल, राजधानी रांची में ऐतिहासिक रथ यात्रा में दिखा आस्था और परंपरा का संगम।**

***************

हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल का विस्तार कल शाम होना है। इससे पहले राज्य सरकार कल विधानसभा के विशेष सत्र में अपना बहुमत हासिल करेगी। विशेष सत्र के बाद दोपहर बाद राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह होगा, जहां सरकार में शामिल मंत्री एक साथ शपथ ग्रहण करेंगे। राजभवन में इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंत्रियों की सूची कल सवेरे राजभवन भेजे जाएंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा सरकार को विश्वासमत हासिल करने में कोई परेशानी नहीं होगी। इधर विधानसभा सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष रणनीति बनाने में जुटे हैं। आज शाम विधायक दल की बैठक भी बुलायी गयी है।

***************

रक्षा राज्यमंत्री सह सांसद संजय सेठ ने आज रांची में रातू रोड एलिवेटेड कॉरीडोर का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री सेठ ने निर्माण कार्य को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों से कार्य प्रगति की जानकारी ली। श्री सेठ ने कहा कि यह एलिवेटेड कॉरिडोर रांची के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह एलिवेटेड कॉरिडोर आनेवाले दिनों में लाइफ लाइन बनने वाला है। इस मौके पर अन्य लोगों के अलावा रांची के विधायक सीपी सिंह भी मौजूद थे।

***************

भारत निर्वाचन आयोग झारखंड विधानसभा की तैयारी में जुट गया है। आयोग की एक टीम 11 जुलाई को झारखंड के दौरे पर आ रही है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि आयोग की टीम दौरे के क्रम में द्वितीय मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों का जायजा लेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए द्वितीय पुनरीक्षण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने भरोसा जताया कि विधानसभा चुनाव में वोटिंग प्रतिशत बढ़ेगा।

***************

गिरिडीह में आज भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं। इस दौरान श्री मरांडी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव में जुटने का आह्वाहन किया।

***************

सर्वोच्च  न्यायालय में कल नीट–यूजी से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई होगी। इनमें नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग की याचिकाएं भी शामिल हैं। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष 26 याचिकाएं सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। छात्रों ने अपनी याचिकाओं में नीट में कथित अनियमितताओं की एक अलग और स्वतंत्र जांच की मांग की है। बढ़ते नीट विवाद के बीच केंद्र ने सर्वोच्च  न्यांयालय में हलफनामा दाखिल किया है।

***************

जामताड़ा जिले के प्रत्येक प्रखंडों में चरणबद्ध विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर तीन नये कानूनों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस कड़ी में आज नारायणपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में शिविर ग्रामीणों को तीन नए कानून की विस्तृत जानकारी दी गयी।

***************

देवघर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत शिवगंगा तट से सटे एक पुराना तीन मंज़िला मकान अहले सुबह गिर गया, इसमें 12 लोग अंदर फंस गये। इसके बाद देवघर के उपायुक्त विशाल सागर एनडीआरएफ की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और राहत तथा बचाव अभियान चलाया। करीब सात घंटे के अभियान के बाद 9 लोगों को बाहर निकाला जा सका, जबकि तीन लोगों की मौत हो गयी।

इस बीच जिले उपायुक्त ने बताया कि यह मकान कमजोर था और मकान मालिक ने सुरक्षा को ध्यान में न रखकर इसमें कंस्ट्रक्शन करना शुरू किया, जिसके कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि मकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

***************

जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश समेत पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों के बाद अब रांची में भी सेव की खेती संभव होने वाली है। इस दिशा में बीएयू को सफलता भी मिली है।

***************

झारखंड समेत देशभर में आज भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गयी। ओड़िशा में विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा आज पुरी में आयोजित की जा रही है। इसमें भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के विग्रहों को तीन अलग–अलग रथों में ले जाया जा रहा है। पुरी रथ यात्रा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समेत कई गणमान्य लोग भी शामिल हुए।

***************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गयी। रांची के ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ यात्रा मेले में जन सैलाब उमड़ पड़ा। इस मौके पर भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के विग्रहों को रथ पर सवार कर उन्हें मौसीबाड़ी तक पहुंचाने की परंपरा निभायी गयी। रथ यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में प्रवास करने के बाद भगवान जगन्नाथ सोलह जुलाई को घुरती रथ यात्रा के साथ मुख्य मंदिर लौटेंगे।

उधर हजारीबाग जिले के चौपारण में आयोजित रथ यात्रा में केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद मनीष जायसवाल और विधायक अमित यादव समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

***************

राज्य में मॉनसून गतिविधि सामान्य है। पिछले चौबीस घंटे के दौरान दुमका के कुशियारी में सर्वाधिक एक सौ बारह मिली मीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। राज्य के कुछ अन्य इलाकों में भी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। बारिश का यह सिलसिला 13 जुलाई तक चलने की संभावना है। आज भी कुछ इलाकों में आंधी और वज्रपात की आशंका है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**********समाप्त**********